आकाशवाणी शिमला

24.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री ने 9 दिवसीय शिमला विंटर कार्निवाल का किया शुभारम्भ– बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ संदेश के साथ महानाटी का आयोजन।
- क्रिसमस व नववर्ष को लेकर शिमला में बढ़ी पर्यटकों की आवाजाही–पुलिस ने सुरक्षा को लेकर किए विशेष प्रबंध।
- केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा–अरावली पर्वत के संरक्षण के लिए सरकार वचनबद्ध–विपक्षी दलों पर लगाया भ्रम फैलाने का आरोप।
- खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए बुनियादी ढांचे का विकास कर रही है राज्य सरकार।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–आईजीएमसी में हुई मारपीट की घटना का बातचीत के माध्यम से हल निकाले सरकार।

विंटर कार्निवाल

राजधानी शिमला में आज से विंटर कार्निवाल शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने वाद्य यंत्रों की धुनों के बीच सांस्कृतिक दलों को हरी झंडी दिखाकर इस 9 दिवसीय कार्निवाल का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विंटर कार्निवाल के माध्यम से लोगों और पर्यटकों को प्रदेश की संस्कृति को जानने का मौका मिलेगा।

इस मौके पर बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ के संदेश के साथ महानाटी का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश भर से आईं सैंकड़ों महिलाओं ने नाटी डाली। मुख्यमंत्री ने भी इस नाटी में भाग लिया।

कार्निवाल की पहली सांस्कृतिक संध्या में आज सा–रे–गा–मा–पा की गायिका पायल ठाकुर और प्रसिद्ध पंजाबी गायक रोहनप्रीत सिंह अपनी आवाज से लोगों को मंत्रमुग्ध करेंगे।

कार्निवाल–सुरक्षा

इस बीच सुरक्षा को लेकर शिमला शहर को 5 सैक्टर में बांटा गया है। पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने बताया कि सुरक्षा को लेकर लगभग साढ़े 4 सौ जवान तैनात किए गए हैं और पर्यटकों व आम लोगों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।

कांगड़ा कार्निवाल

उधर धर्मशाला में भी आज से कांगड़ा कार्निवाल शुरू हो गया है। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भव्य शोभायात्रा के साथ इसका शुभारम्भ किया। ये कार्निवाल 31 दिसम्बर तक चलेगा और इस दौरान अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्निवाल के शुभारम्भ अवसर पर लोकनृत्य, वाद्य यंत्रों की धुनों, रंग–बिरंगी झांकियों और आकर्षक पारम्परिक वेशभूषा ने सभी का मन मोह लिया।

भूपेंद्र यादव–अरावली

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि कुछ राजनीतिक दल विशेषकर कांग्रेस अरावली पहाड़ियों पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के संबंध में गलत सूचना फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे सर्वोच्च न्यायालय के फैसले की गलत व्याख्या कर रहे हैं और अपने स्वार्थों को पूरा करने के लिए इसे राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। आकाशवाणी से बातचीत में भूपेन्द्र यादव ने कहा कि लोग विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे इस दुष्प्रचार के झांसे में नहीं आएंगे। केन्द्रीय मंत्री ने स्पष्ट किया कि सर्वोच्च न्यायालय का फैसला अरावली क्षेत्र में अवैध खनन पर रोक लगाने का है।

खेल प्रतिभा

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है और खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए खेलों के बुनियादी ढांचे का विकास किया जा रहा है। उन्होंने आज शिमला में बताया कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए आधुनिक सुविधाएं, पुरस्कार राशि, बेहतर डाईट मनी और रोजगार के अवसर सृजित करने पर जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए सरकारी नौकरी में 3 फीसदी आरक्षण दिया जा रहा है और पिछले एक वर्ष में 99 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी गई है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि में वृद्धि की गई है।

विमोचन

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने आज नई दिल्ली में सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा लिखित मोदी युग में भारत का आर्थिक सशक्तिकरण पुस्तक का विमोचन किया। इस मौके पर उपराष्ट्रपति ने सिकंदर कुमार द्वारा की गई कड़ी मेहनत व लग्न की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस पुस्तक के माध्यम से लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की आर्थिक नीतियों के कारण भारत आज दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दहलीज पर है।

वॉकथॉन

रिकांगपिओ में आज चिट्टे के खिलाफ वॉकथॉन का आयोजन किया गया जिसे राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वॉकथॉन में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों, सरकारी कर्मचारियों और आम लोगों ने भाग लिया। जगत सिंह नेगी ने लोगों को चिट्टा मुक्त हिमाचल की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चिट्टे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रही है और इसके खात्मे के लिए प्रतिबद्ध है। राजस्व मंत्री ने समाज के सभी लोगों से चिट्टे के खात्मे के लिए राज्य सरकार के अभियान में सक्रिय योगदान देने का आहवान किया।

किसान सभा

हिमाचल किसान सभा ने राज्य सरकार से गरीब व सीमांत किसानों के लिए जल्द नीति तैयार करने की मांग की है। किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप तनवर ने कहा कि किसान सभा द्वारा दायर याचिका पर उच्चतम न्यायालय ने लघु व सीमांत किसानों के पक्ष में फैसला सुनाया है और अदालत के आदेश के मुताबिक सरकार को नीति बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में गरीब व सीमांत वर्ग के किसानों ने वन भूमि पर घर व गौशालाएं बनाई हैं और उन्हें राहत देने के लिए राज्य सरकार को काम करना चाहिए। कुलदीप तनवर ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने वनभूमि पर उगाए गए सेब बागीचों के कटान पर रोक लगाने को लेकर आदेश दिए हैं।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आज शिमला के गेयटी थियेटर में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर मातृ नमन कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कहा कि माता अहिल्याबाई होलकर ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए कई सुधार किए। इनमें महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, बाल विवाह पर रोक, विधवा पुनर्विवाह और अन्य सामाजिक समस्याओं का समाधान शामिल है। बाद में पत्रकारों से बातचीत में जयराम ठाकुर ने आईजीएमसी शिमला में हुई मारपीट की घटना पर चिंता जताते हुए सरकार से दोनों पक्षों के साथ बातचीत के माध्यम से हल निकालने को कहा है।

धूमल

भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती की पूर्व संध्या पर आज हमीरपुर जिले की समीरपुर पंचायत में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता प्रोफैसर प्रेम कुमार धूमल ने अटल जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा किए गए विकास कार्यों को देशवासी हमेशा याद रखेंगे।